प्रेस-विज्ञप्ति **08.10.2021**

श्रीमान संपादक महोदय,

विषय : सी.जी.एस.टी. कमिश्नर (ऑडिट) से मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधि-मंडल की समस्याओं हेतु भेंट।

मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने मर्चेंट्स चैम्बर के अध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया के नेतृत्व में कमिश्नर (ऑडिट) श्री सोमेश तिवारी जी से उनके कार्यालय में भेंट की। कमिश्नर साहब को केंद्रीय जीएसटी की ऑडिट प्रक्रिया में उत्पन्न हो रही परेशानियों के सम्बन्ध में एक ज्ञापन दिया गया।

ज्ञापन के मुख्य बिंदु निम्न है :

कारोबारियों से ऑडिट विंग द्वारा ऐसे प्रपत्रों की मांग की जाती है जो GSTN पोर्टल पर उपलब्ध है जैसे GST पंजीयन, इलेक्ट्रॉनिक क्रेडिट लेजर, इलेक्ट्रॉनिक कैश लेजर, GSTR-1, GSTR-2A, GSTR-3B, इत्यादि। निवेदित किया गया कि विभाग द्वारा ऐसे प्रपत्रों की मांग उचित नहीं है क्योकि यह पूरे वर्ष के बड़े वॉल्यूम में होते है और विभाग के पास उपलब्ध है।

Trans-1, Trans-2 का विवरण उन मामलो में जहां विभागियों अधिकारियों द्वारा उनकी जाँच, पड़ताल व सत्यापन कर लिया गया है, उनका भी माँगा जाना उचित नहीं है। ऑडिट एक समयबद्ध तरीके सम्पादित किया जाना चाहिए।

ऑडिट की प्रक्रिया विभाग के कार्यालय में ही प्रपत्रों के जाँच पड़ताल से सम्पादित कराई जाए तथा जहाँ आवश्यक हो कारोबारी स्थल में तभी सम्पादित की जाये।

कमिश्नर (जी.एस.टी) श्री सोमेश तिवारी जी ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इन समस्याओं का निदान कर दिया जायेगा साथ ही यह कहा गया कि ऑडिट में कारोबारी भी समय का शीघ्र अनुपालन करें। ऑडिट द्वारा केवल राजस्व सही व पूर्ण अदा न होने की जाँच की जाएगी। इनपुट टैक्स क्रेडिट व उसके कर की दरों को देखा जायेगा।

खामियाँ मिलने पर व्यापारी को सूचित किया जायेगा। उन्हें इस त्रुटियों को सुधारने का अवसर दिया जायेगा। विभागीय ऑडिट पार्टी मित्रवत व्यवहार करेगी।

ऑडिट विंग में एक हेल्पडेस्क कार्य कर रही है जिसमें आशीष बाजपेयी असिस्टेंट कमिश्नर, अरुण सिंह एवं मनीष तिवारी अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएँ दे रहे है। कारोबारी इनकी सहायता ले सकते है। उनके मोबाइल नम्बर क्रमशः 8318679479, 7839266953 एवं 9451021160 है।

कमिश्नर ऑडिट ने प्रतिनिधिमंडल को यह आश्वासन दिया कि मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में जी.एस.टी. विभाग द्वारा एक आउटरीच (गोष्ठी) प्रोग्राम का आयोजन किया जायेगा जिसमें उद्योगपति व कारोबारी आमंत्रित होंगे।

प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से श्री मुकुल टंडन, श्री संतोष गुप्ता, श्री शरद शाह, श्री अविनाश चतुर्वेदी, श्री धर्मेंद्र श्रीवास्तव, श्री दीपक कपूर एवं श्री महेंद्र नाथ मोदी आदि थे।